दिन–शुक्रवार दिनांक– 26 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. रेलवे ने आज से यात्री किराए में मामूली वृद्धि की। उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में नहीं किया गया है कोई बदलाव।

02. राज्य सरकार का आदेश – सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को जनवरी महीने का वेतन अपनी चल–अचल संपत्ति का ब्यौरा देने के बाद ही मिलेगा।

03. घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। इकतीस दिसम्बर तक ठंड से नहीं मिलेगी राहत।

04. और, गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के पुत्रों की शहादत की याद में आज मनाया जा रहा है वीर बाल दिवस। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी।

---

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और परिचालन की निरंतरता संतुलित करने के उद्देश्य से आज से यात्री किराये में मामूली वृद्धि की है। उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित किराया केवल आज या आज के बाद बुक किए गए टिकटों पर लागू होगा। इससे पहले बुक किए गए टिकटों पर कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा, भले ही यात्रा प्रभावी तिथि के बाद की जाए। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

राज्य सरकार ने कहा है कि सभी सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को अपनी चल–अचल संपत्ति का ब्यौरा देने के बाद ही जनवरी महीने का वेतन मिलेगा। बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन ने ब्यौरा जमा करने के लिए इकतीस दिसम्बर तक अंतिम तिथि निर्धारित की है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग इक्यासी हजार सरकारी विद्यालयों के छह लाख से अधिक शिक्षक अपनी संपत्ति का ब्यौरा जमा करेंगे। इस आदेश के दायरे में नियोजित शिक्षक भी हैं।

---

कृषि विभाग ने उर्वरक की कालाबाजारी करने के मामले में तिरासी दुकानों का लाइसेंस रद्द कर दिया है। वहीं, इकतीस दुकानदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गयी है। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने बताया कि इन दुकानदारों के खिलाफ अनियमितता की शिकायत सही पाये जाने पर यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि अब उर्वरक स्टॉक के सत्यापन के लिए दो दिवसीय अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सभी उर्वरक प्रतिष्ठानों के पॉश मशीन की जांच की जा रही है और इसमें दर्ज रिकॉर्ड से वहां उपलब्ध स्टॉक का मिलान किया जा रहा है।

---

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में औसतन दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और गिरावट आई है। सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, आज सुबह पटना, वैशाली, बक्सर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण समेत बीस जिलों में घना से अत्यंत घना कुहासा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि इकतीस दिसम्बर तक मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। आज राज्य के उत्तर और दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी।

–––बाइट–––

---

इधर, घने कोहरे के कारण रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। कल नई दिल्ली–राजेन्द्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से ग्यारह घंटे से अधिक देरी से पटना पहुंची। संपूर्ण क्रांति, मगध और अमृत भारत समेत दस रेलगाड़ियों का परिचालन भी घंटों प्रभावित हुआ है। घने कोहरे के कारण पटना हवाई अड्डे से चार विमानों को परिचालन रद्द कर दिया गया, जबकि सत्रह विमानों का परिचालन घंटों बिलंब से हुआ।

---

मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के नयागांव में पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने के एक कारखाने का उद्‌भेदन किया है। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि इनके पास से चार देशी पिस्तौल और पचासी लाख रुपये से अधिक भी बरामद किये गये हैं।

———बाइट———

---

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के एक मामले में दस वर्षों से फरार चल रहे आरोपी अमित कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। ये गिरफ्तारी बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र के एक होटल से हुई है। अमित कुमार सिंह पर आरबीआई के जाली प्रमाण पत्रों और फर्जी रूप से आरबीआई, सीबीआई तथा ब्रिटिश पुलिस के अधिकारी बनकर भेजे गए धोखाधड़ी भरे ईमेल के जरिए केरल के त्रिवेन्द्रम निवासी एक व्यक्ति से ठगी करने का आरोप है।

---

आज वीर बाल दिवस है। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के साहस के सम्मान की याद में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी। इस वर्ष अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीस बच्चों को इस सम्मान के लिए चुना गया है, जिन्होंने बहादुरी, खेल और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की हैं। राष्ट्रपति कैमूर जिले के मोहनियां प्रखंड के जैतपुर—भदवलिया गांव के कमलेश कुमार को अदम्य साहस, मानवता और परोपकार के लिए मरणोपरांत राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। कमलेश कुमार के परिजन यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। ग्यारह वर्षीय कमलेश कुमार ने इस वर्ष जुलाई महीने में दुर्गावती नदी में डूबते एक बच्चे को अपनी जान की परवाह किये बिना बचाया था।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीर बाल दिवस पर आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता भी मौजूद रहेंगे।

---

वीर बाल दिवस पर प्रदेशभर के आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत कहानी–कविता पाठ, चित्रकला, रचनात्मक लेखन और खेल तथा फिटनेस से संबंधित गतिविधियां आयोजित हो रही हैं।

---

सिखों के दसवें और अंतिम गुरु गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व को लेकर पूरा पटना सिटी जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल के जयकारों से गुंजायमान है। कल ग्यारह दिवसीय प्रभातफेरी के समापन के अंतिम दिन बड़ी प्रभातफेरी निकाली गई। प्रकाश पर्व को लेकर कल देर रात तख्तश्री हरिमंदिर साहिब पटना साहिब में अखंड पाठ शुरू हुआ। तख्तश्री हरिमंदिर साहिब प्रबंधक कमिटी के उपाध्यक्ष गुरुविन्दर सिंह ने बताया कि अखंड पाठ के समापन पर कल देर रात प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह मनाया जाएगा। मुख्य समारोह में विशेष दीवान का आयोजन होगा और भजन–कीर्तन तथा अरदास होंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पूरी व्यवस्था की गई है।

–––बाइट–––

इधर, समारोह में शामिल होने के लिए देश के अलग–अलग हिस्सों से श्रद्धालु पटना सिटी पहुंचे हैं। सुरक्षा को लेकर बीएसएपी की चार कंपनियों की तैनाती की गयी है।

---

समस्तीपुर जिले के खानपुर में भाजपा नेता रूपक सहनी की हत्या से आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर और दुकान में आग लगा दी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

गयाजी जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने ग्यारह साल से फरार कुख्यात नक्सली मनोहर भुईंया को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पर जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्र में कई मामले दर्ज हैं।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना में पुलिस ने एक वाहन से दो सौ अस्सी किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं।

---

ग्वालियर में खेले जा रहे विजय मर्चेंट ट्रॉफी एलीट अंडर–सिक्सटीन मुकाबले में बिहार और पुद्दुचेरी के बीच मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। मुकाबले में बिहार को एक और पुद्दुचेरी को तीन अंक मिले हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – ओडिशा में छह कुख्यात नक्सली मारे गए। एक करोड़ रुपये का ईनामी नक्सली मुठभेड़ में ढेर।

दैनिक जागरण लिखता है – इकतीस तक घने कोहरे के साथ रहेगा कोल्ड–डे।

प्रभात खबर की सुर्खी है – परिवहन विभाग का प्रस्ताव सड़कों और चौक–चौराहों पर पीपीपी मोड में लगेंगे सीसीटीवी कैमरें।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बिहार में हर महीने खुल रहे बीस हजार म्यूल अकाउंट, छह हजार खाते सीज भी हो रहे।

आज अखबार लिखता है – आज से रेलवे का संशोधित किराया लागू।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. रेलवे ने आज से यात्री किराए में मामूली वृद्धि की। उपनगरीय सेवाओं और सीज़न टिकटों के किराए में नहीं किया गया है कोई बदलाव।

02. राज्य सरकार का आदेश – सरकारी विद्यालय के शिक्षकों को जनवरी महीने का वेतन अपनी चल–अचल संपत्ति का ब्यौरा देने के बाद ही मिलेगा।

03. घने कोहरे और कड़ाके की ठंड से आम जनजीवन प्रभावित। इकतीस दिसम्बर तक ठंड से नहीं मिलेगी राहत।

04. और, गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के पुत्रों की शहादत की याद में आज मनाया जा रहा है वीर बाल दिवस। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।